बरेली, शुक्रवार
27 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

PAGE NO, 04, MIDDLE

एसआरएमएस में फिजिशियंस की 40वीं कांफ्रेंस 28 से

जागरण संवाददाता, बरेली : देश के फिजीशियंस की सबसे बड़ी संस्था एसोसिएशन आफ फिजिशियन आफ इंडिया (एपीआइ) की 40वीं वार्षिक कांफ्रेंस एसआरएमएस में होगी। एसआरएमएस के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने बताया कि यूपी चैप्टर की यह वार्षिक कांफ्रेंस एसआरएमएस में दूसरी बार हो रही है। इससे पहले वर्ष 2017 में हुई थी। इस साइंटिफिक कांफ्रेंस में देश के नामचीन फिजीशियन स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों और उनके समाधान को अपने रिसर्च से प्रस्तुत करेंगे।

कांफ्रेंस की जानकारी देते आदित्य मूर्ति • जागरण

कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. स्मिता गुप्ता ने कहा कि यह कांफ्रेंस प्रति वर्ष प्रदेश के अलग अलग शहरों में होती है। इस बार इस कांफ्रेंस की थीम पर्ल्स आफ मेडिसिन है। कांफ्रेंस में एम्स दिल्ली, एम्स ऋषिकेश, बीएचयू, राममनोहर लोहिया, अपोलो दिल्ली, अपोलो मुंबई, पीजीआइ लखनऊ के विशेषज्ञ चिकित्सक व्याख्यान देंगे। इसके साथ दिल्ली व उत्तराखंड समेत पूरी यूपी के 600 फिजीशियन इसमें शामिल होंगे। 28 अक्टूबर से शुरू होने वाली इस कांफ्रेंस का शुभारंभ डीन डा. ज्योतिर्मय पाल करेंगी। इसके साथ 97 वर्ष की उम्र में भी मरीजों की सेवा करने वाले मुरादाबाद के वरिष्ठ फिजीशियन डा. डीपी मनचंदा और बरेली के वरिष्ठ चिकित्सक डा. एचबी गुप्ता को कांफ्रेंस में सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर डा. एमएस बुटोला, डा. एमपी रावल डा. दीपक दास आदि मौजूद रहे।